भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1668**

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

**हरित राजमार्ग परियोजनाएं**

1668. श्री अ. मनि:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि सभी नई राजमार्ग परियोजनाओं में हरित पहल को शामिल किया जाए;

(ख) तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों में हरित राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस नीति के कार्यान्वयन के बाद से कितने किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के क्षेत्र को हरित राजमार्गों के रूप में विकसित किया गया है;

(घ) हरित राजमार्ग नीति के अंतर्गत उचित वृक्षारोपण और रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए क्या निगरानी तंत्र स्थापित किया गया है;

(ङ) क्या सरकार हरित राजमार्गों के कार्यान्वयन के लिए निजी संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों या स्थानीय निकायों के साथ मिलकर काम कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान चल रही या पूरी हो चुकी प्रमुख हरित राजमार्ग परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(छ) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के राजमार्ग नेटवर्क का कितना प्रतिशत हिस्सा वर्तमान में हरित पहल के अंतर्गत आता है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्ष 2015 में, इस मंत्रालय के विभिन्न हितधारकों की भागीदारी से राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ-साथ हरित पौधे लगाने के लिए हरित राजमार्ग (पौधारोपण, प्रत्यारोपण, सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव) नीति, 2015 जारी की गई थी।

(ख) सरकार ने हरित राजमार्ग (पौधारोपण, प्रत्यारोपण, सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव) नीति, 2015 के अंतर्गत तमिलनाडु सहित विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 465.42 लाख पौधे लगाए हैं। विवरण (**अनुबंध-क**) में है।

(ग) हरित राजमार्ग नीति के अंतर्गत अब तक 62,660 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे पर पौधरोपण किया जा चुका है (**अनुबंध-क**)।

(घ) वृक्षारोपण एवं उसके रखरखाव की निगरानी पीआईयू एवं आरओ के स्तर पर आईई/एई के माध्यम से की जाती है। इसके साथ ही, इस मंत्रालय की अन्य एजेंसियों द्वारा अक्सर इन कार्य कलापों की समीक्षा की जाती है। वृक्षारोपण कार्यों की निगरानी के लिए ड्रोन के उपयोग के माध्यम से डेटा विश्लेषणात्मक निगरानी प्रणाली और

उपग्रह डेटा के उपयोग के माध्यम से ग्रीन कवर इंडेक्स को शुरू किया जा रहा है। वृक्षारोपण की प्रगति की मासिक समीक्षा के लिए मंत्रालय में एक वृक्षारोपण निगरानी प्रकोष्ठ भी बनाया गया है।

(ड.) जी, हां। सरकार, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण में भागीदारी के लिए निजी रोपण एजेंसियों, स्वयं सहायता समूहों, सरकारी विभागों और स्थानीय निकायों के साथ सीधे संपर्क नहीं करती है। अधिकांश राज्यों में राज्य वन विभागों को इस प्रयास में लगाया गया है।

(च) पिछले 3 वर्षों के आंकड़ों सहित राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे वृक्षारोपण का विवरण (**अनुबंध-क**) में संलग्न है।

(छ) जैसा कि ऊपर (क) के उत्तर में बताया गया है, दिनांक 15.11.2024 तक 465.42 लाख पौधे लगाकर सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं हरित पहल के तहत कवर की गई हैं।

**अनुबंध-क**

**'हरित राजमार्ग परियोजनाएं' के संबंध में श्री अ. मनि द्वारा पूछे गए दिनांक 05.12.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1668 के भाग (ख), (ग) और (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| 2015-16 से 2024-25 तक (15 नवंबर 2024 तक) राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए गए वृक्षारोपण का विवरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | राज्य | 3 वर्षों का संचयी वृक्षारोपण (2015-16 से 2017-18) (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | 2018-19 में वृक्षारोपण (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | 2019-20 में वृक्षारोपण (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | 2020-21 में वृक्षारोपण (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | | | 2021-22 में वृक्षारोपण (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | | | 2022-23 में वृक्षारोपण (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | | | 2023-24 में वृक्षारोपण (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | | | 2024-25 में वृक्षारोपण (15 नवंबर 2024 तक) (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) | | | कुल वृक्षारोपण प्रगति (2015-16 से 2023-24) (पेड़दार मार्ग और मध्य भाग में पौधों की संख्या और औसत वृक्षारोपण लाख में) |
| | | | | | एवेन्यू | मध्य | कुल | एवेन्यू | मध्य | कुल | एवेन्यू | मध्य | कुल | एवेन्यू | मध्य | कुल | एवेन्यू | मध्य | कुल | कुल |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6.34 | 1.47 | 4.8 | 1.22 | 1.79 | 3.01 | 0.50 | 1.17 | 1.67 | 0.58 | 1.00 | 1.58 | 0.58 | 0.55 | 1.14 | 0.89 | 1.22 | 2.11 | 22.12 |
| 2 | असम | 1.01 | 0.73 | 0.04 | 0.92 | 1.54 | 2.46 | 1.01 | 0.72 | 1.73 | 0.45 | 0.44 | 0.89 | 0.22 | 0.63 | 0.85 | 0.16 | 0.11 | 0.27 | 7.98 |
| 3 | बिहार | 1.62 | 0.64 | 0.93 | 0.68 | 0.04 | 0.72 | 1.07 | 0.96 | 2.03 | 0.65 | 1.47 | 2.12 | 1.15 | 1.23 | 2.38 | 1.72 | 1.57 | 3.29 | 13.73 |
| 4 | छत्तीसगढ | 2.02 | 0.86 | 0.54 | 0.84 | 0.34 | 1.18 | 0.70 | 0.31 | 1.02 | 0.88 | 0.44 | 1.33 | 0.86 | 0.31 | 1.17 | 0.47 | 0.53 | 0.99 | 9.11 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | दिल्ली | 0.5 | 5.5 | 0.02 | 1.33 | 0.80 | 2.13 | 2.80 | 6.71 | 9.50 | 2.18 | 1.26 | 3.44 | 2.47 | 1.13 | 3.60 | 7.45 | 1.50 | 8.95 | 33.65 |
| 6 | गुजरात | 4.96 | 0.65 | 1.06 | 1.20 | 1.58 | 2.78 | 0.58 | 1.80 | 2.38 | 2.41 | 2.10 | 4.51 | 1.61 | 2.08 | 3.69 | 1.92 | 2.94 | 4.86 | 24.88 |
| 7 | हरियाणा | 6.46 | 4.25 | 0.28 | 0.61 | 1.91 | 2.52 | 1.00 | 0.59 | 1.59 | 0.93 | 1.27 | 2.19 | 1.13 | 1.85 | 2.98 | 1.07 | 4.52 | 5.59 | 25.87 |
| 8 | हिमाचल प्रदेश | 0.16 | 0.08 | 0.23 | 0.42 | 0.26 | 0.68 | 0.47 | 0.25 | 0.71 | 0.35 | 0.47 | 0.82 | 0.21 | 0.11 | 0.32 | 0.39 | 0.22 | 0.61 | 3.61 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 0.41 | 0.38 | 0.06 | 0.01 | 0.12 | 0.13 | 0.11 | 0.31 | 0.42 | 0.20 | 0.66 | 0.86 | 0.41 | 0.36 | 0.76 | 0.70 | 0.11 | 0.80 | 3.82 |
| 10 | झारखंड | 1.32 | 0.86 | 0.26 | 0.50 | 0.65 | 1.16 | 1.32 | 1.21 | 2.53 | 0.77 | 0.30 | 1.07 | 0.57 | 0.36 | 0.92 | 0.32 | 0.69 | 1.01 | 9.13 |
| 11 | कर्नाटक | 7.51 | 1.75 | 3.73 | 0.81 | 2.70 | 3.51 | 1.47 | 2.26 | 3.73 | 1.04 | 1.82 | 2.86 | 0.56 | 1.67 | 2.23 | 1.30 | 1.49 | 2.79 | 28.10 |
| 12 | केरल | 0.9 | 0.24 | 0.15 | 0.08 | 0.25 | 0.33 | 0.04 | 0.20 | 0.24 | 0.02 | 0.13 | 0.16 | 0.01 | 0.18 | 0.18 | 0.00 | 0.04 | 0.04 | 2.24 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 0.49 | 2.31 | 5.3 | 1.78 | 2.16 | 3.94 | 2.25 | 3.52 | 5.77 | 5.05 | 5.13 | 10.18 | 3.11 | 3.93 | 7.04 | 4.19 | 4.30 | 8.49 | 43.53 |
| 14 | महाराष्ट्र | 7.46 | 0.64 | 4.62 | 1.82 | 2.40 | 4.22 | 3.23 | 4.74 | 7.97 | 2.69 | 3.34 | 6.04 | 2.71 | 2.54 | 5.25 | 1.70 | 2.28 | 3.98 | 40.17 |
| 15 | ओडिशा | 2.91 | 2.04 | 1.73 | 1.84 | 1.06 | 2.90 | 2.43 | 1.35 | 3.78 | 1.88 | 1.52 | 3.40 | 1.23 | 1.45 | 2.68 | 0.68 | 1.82 | 2.51 | 21.95 |
| 16 | पंजाब | 3.98 | 0 | 1.98 | 2.55 | 2.26 | 4.81 | 2.15 | 0.81 | 2.96 | 1.12 | 1.34 | 2.45 | 1.33 | 1.00 | 2.33 | 1.55 | 2.81 | 4.36 | 22.88 |
| 17 | राजस्थान | 8.1 | 1.52 | 2.07 | 3.16 | 1.63 | 4.79 | 4.17 | 5.28 | 9.45 | 7.29 | 5.16 | 12.46 | 2.81 | 5.29 | 8.10 | 2.05 | 2.14 | 4.19 | 50.67 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | तमिलनाडु | 6.44 | 1.82 | 2.92 | 1.19 | 1.67 | 2.86 | 0.93 | 1.54 | 2.47 | 1.03 | 1.52 | 2.55 | 1.27 | 1.35 | 2.62 | 1.93 | 1.03 | 2.95 | 24.63 |
| 19 | तेलंगाना | 3.09 | 0.18 | 0.59 | 1.76 | 1.51 | 3.27 | 0.64 | 1.54 | 2.18 | 0.65 | 2.09 | 2.74 | 0.36 | 0.39 | 0.74 | 0.22 | 0.41 | 0.63 | 13.43 |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 6.74 | 3.8 | 3.56 | 1.76 | 4.55 | 6.31 | 1.67 | 3.75 | 5.41 | 3.25 | 3.02 | 6.27 | 2.80 | 2.02 | 4.81 | 1.97 | 1.34 | 3.31 | 40.22 |
| 21 | उत्तराखंड | 0 | 0.52 | 0.15 | 0.64 | 1.46 | 2.10 | 1.40 | 0.73 | 2.12 | 0.70 | 0.53 | 1.23 | 0.38 | 0.18 | 0.56 | 0.27 | 0.10 | 0.37 | 7.06 |
| 22 | पश्चिम बंगाल | 3.85 | 1.03 | 1.2 | 1.46 | 1.59 | 3.04 | 1.64 | 0.74 | 2.38 | 1.87 | 0.51 | 2.37 | 1.20 | 0.53 | 1.72 | 0.50 | 0.54 | 1.04 | 16.64 |
| | कुल योग | 76.27 | 31.27 | 36.22 | 26.58 | 32.29 | 58.87 | 31.58 | 40.47 | 72.05 | 35.99 | 35.53 | 71.52 | 26.96 | 29.12 | 56.08 | 31.44 | 31.70 | 63.14 | 465.42 |

*****